MATA SUNDRI COLLEGE FOR WOMEN





<u>प्रतिवेदन</u>

<u>संस्कृत से रोजगार के अवसर जीविका परामर्श सत्र</u>

माता सुंदरी महाविद्यालय संस्कृत विभाग एवं ज्ञानवर्धिनी सभा के तत्वावधान में तथा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. हरप्रीत कौर की प्रेरणा से दिनांक 16मार्च 2023 को सायं 5:00 बजे "संस्कृत से रोजगार के अवसर" शीर्षक के अंतर्गत जीविका परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। आभासी मंच से प्रस्तुत इस सत्र के मुख्य वक्ता डॉ पंकज कुमार मिश्र थे जो वर्तमान मे सेंट स्टीफेंस कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के से सह-प्रवक्ता पद को अलंकृत कर रहे हैं।

कार्यक्रम का प्रारंभ मंगलाचरण से हुआ। बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने गणेश स्तुति गाकर कार्यक्रम का औपचारिक प्रारंभ किया। मंगलाचरण के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. हरप्रीत कौर को आमंत्रित किया गया। प्राचार्या महोदया ने इस विषय पर अपना ज्ञान उड़ेलते हुए अपने ज्ञानवर्धक वचनों के द्वारा सभी का मार्गदर्शन किया।

प्राचार्य के वक्तव्य के पश्चात प्रोफेसर मिश्र को आमंत्रित किया गया कि वे संस्कृत से संबद्ध रोजगार के अवसरों से छात्राओं को अवगत कराएं तथा उसकी संपूर्ण जानकारी भी प्रदान करें।

श्री मिश्र ने दिल्ली विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम की जानकारी देते हुए रोजगार परक मार्गदर्शन किया। उनके अनुसार एक संस्कृत का छात्र अनेक क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर सकता है किंतु इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि वह छात्र उस क्षेत्र में पारंगत हो। उन्होंने समाचार वाचन, समाचार संपादक, ज्योतिष परामर्श, अध्यापन, अनुवादक, लेखक, समाज सुधारक, वास्तु सलाहकार, लिपिपाठक आदि अनेक क्षेत्रों में रोजगार विषयक जानकारी छात्राओं को दी। छात्राओं ने उनके ज्ञानवर्धक अभिभाषण को ध्यानपूर्वक सुना और उससे लाभान्वित भी हुई।

इस अवसर पर संस्कृत विभाग के सभी प्रवक्ता, महाविद्यालय की प्राचार्या हरप्रीत कौर, संस्कृत विभाग की 40 से अधिक छात्राएं वहां उपस्थित थे। माता सुंदरी महाविद्यालय की छात्राओं के अतिरिक्त जामिया विश्वविद्यालय के 10 से 12 छात्रों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और लाभान्वित हुए।

अंत में विभाग की वरिष्ठ प्रवक्ता कुलदीप कुमार सहगल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्कृत विभाग की प्रवक्ता डॉ मोनिका मिश्रा के द्वारा किया गया।